# कार्यालय कलेक्टर, (महिला एवं बाल विकास)
# जगदलपुर, जिला–बस्तर(छ0ग0)

Phone No.07782-222827
Email ID: bastar.dpo 84@ gmail.com

क्रमांक/181 /मबावि/स्था(सा.वि.)/2025–26 जगदलपुर, दिनांक 16/04/2026

–// विज्ञापन //–

**मिशन शक्ति अंतर्गत महिला सशक्तिकरण केन्द्र (Hub for Empowerment of Women) हेतु संविदा स्वीकृत पदों में नियुक्ति हेतु विज्ञापन**

भारत सरकार ने एकीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं के सुरक्षा एवं बचाव हेतु एक अम्ब्रेला योजना "मिशन शक्ति" के शुरूआत की है । मिशन शक्ति के अंतर्गत राज्य स्तर पर राज्य स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र **(SHEW)** एवं प्रत्येक जिले में जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र **(District Hub for Empowerment of Women)** स्थापित किया जाना है । **मिशन शक्ति के दिशा निर्देशों के अनुसार राज्य स्तरीय हब हेतु जिले में 08 संविदा पदों की पूर्ति हेतु स्वीकृति प्राप्त है। संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग के पत्र क्र./File No.:GENCOR/3104/2026-WCD HOD MISSION SHAKTI दिनांक 11.02.2026 के द्वारा आई.टी. असिस्टेंट का पद स्वीकृत किया गया है। उक्त पद की नियुक्ति आर्हताएं, निर्धारित मासिक वेतनमान, वेतन मैट्रिक्स में लेवल की जानकारी विज्ञाप्ति पद निम्नानुसार है :–**

| क्र | पदनाम | अना. | अ.ज.जा. | अ.जा. | अ.पि.व. | योग | वेतन मैट्रिक्स में लेवल | निर्धारित मासिक वेतनमान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | आई.टी असिस्टेंट | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 | 7 | 20900 |

01. आयु सीमा –

- आई.टी. असिस्टेंट, हेतु अभ्यर्थी की आयु 01.01.2026 को 21 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो। इसके अतिरिक्त छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी को आयु सीमा में छूट के संबंध में राज्य शासन द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों के अनुरूप छूट की पात्रता होगी किन्तु सभी छूटों को मिलाकर अधिकतक आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी।
- आयु का सत्यापन/समर्थन हेतु जन्म प्रमाण पत्र या कक्षा 8वीं, 10वीं की अंक सूची, जिसमें जन्म तिथि अंकित हो, के आधार पर किया जावेगा । दस्तावेज सत्यापन के समय मूल प्रति एवं स्वप्रमाणित प्रति लाना अनिवार्य होगा ।
- **आई.टी. असिस्टेंट, पद हेतु छत्तीसगढ़ राज्य का निवासी होना अनिवार्य नहीं है, किन्तु छत्तीसगढ़ राज्य के निवासियों के आवेदन करने पर उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी, इस हेतु मेरिट निर्धारण में अंकीय प्रणाली में छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासियों को, इन पदों हेतु 02 पर बोनस अंक दिया जाएगा।**
- **कोई भी उम्मीदवार, जिसने विवाह के लिए निर्धारित न्यूनतम आयु सीमा से पूर्व विवाह कर लिया हो, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा/होगी । चयन होने की स्थिति में चयनित अभ्यर्थी को रू. 50/– के स्टॉम्प पेपर पर नोटरी द्वारा अभिप्रमाणित तत्संबंधी शपथ–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।**
- उम्मीदवार जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो, जिसकी पहले से ही एक पति/पत्नी जीवित हो, पात्र नहीं होगा/होगी । ऐसे मामले में शासन ही अन्यथा निर्णय ले सकता है अर्थात यदि शासन का इस बात से समाधान हो जाए कि ऐसा करने का पर्याप्त कारण है तो वह इस प्रतिबंध से छूट दे सकता है ।
- **आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में जमा किया जावे। आवेदन पत्र के साथ वांछित प्रमाण पत्र एवं अंकसूची व अन्य दस्तावेज राजपत्रित अधिकारी/स्वयं द्वारा अभिप्रमाणित/सत्यापित होना चाहिए ।**

क्रमशः..........

Scanned with OKEN Scanner

- अनुभव के संबंध में अभ्यर्थी को संबंधित संस्था के नियोक्ता द्वारा जारी पूर्णकालिक कार्यानुभव राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित/सत्यापित अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। अनुभव प्रमाण पत्र में स्पष्ट रूप से कार्यअवधि, पदनाम एवं वेतनमान स्पष्ट उल्लेख होना अनिवार्य है। अनुभव प्रमाण पत्र की प्रमाणिकता का परीक्षण अनिवार्यतः किया जायेगा।
- आवेदक द्वारा आवेदन में दिए गए अनुभव को मान्य करने के संबंध में नियुक्ति अधिकारी (जिला कलेक्टर) का निर्णय ही अंतिम होगा ।
- किसी भी प्रकार का स्वैच्छिक सेवा का प्रमाण पत्र अनुभव के रूप में मान्य किया जावेगा ।
- शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों को अपने आवेदन पत्र को नियोक्ता के अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा, अन्यथा आवेदन पत्र विचारणीय नहीं होगा ।
- अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों के संबंध में उम्मीदवारों को पृथक से कोई सूचना नहीं दी जावेगी एवं ऐसे आवेदन पत्र अमान्य कर दिये जावेंगे । निर्धारित योग्यता ना रखने वाले उम्मीदवार कृपया आवेदन ना करें ।
- अभ्यर्थी को लिफाफे के ऊपर एवं आवेदन पत्र में पद का नाम, जिसके लिए आवेदन किया जा रहा है, स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए अन्यथा आवेदन निरस्त किया जा सकता है । लिफाफे के ऊपर व आवेदन पत्र में प्रेषक का नाम एवं पत्र व्यवहार का पूर्ण पता (ईमेल एड्रेस एवं मोबाईल नम्बर सहित) आवश्यक रूप से अंकित होना चाहिए।
- आवेदक अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर लें तथा विज्ञाप्ति पद के लिए निर्धारित अर्हता एवं शर्तों को पूरा करने पर ही आवेदन पत्र भेजें । चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक के अयोग्य पाये जाने पर उनका आवेदन पत्र निरस्त कर उनकी उम्मीदवारी समाप्त की जा सकेगी।
- उपरोक्तानुसार आर्हता के आधार पर आवेदन आमंत्रित किए जायेंगे तथा अंकीय प्रणाली के आधार पर मेरिट तैयार करते हुए वॉक इन इंटरव्यू एवं कौशल परीक्षा (आवश्यक हो तो) के आधार पर चयन की प्रक्रिया की जाएगी। अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता में शिथिलता नहीं दी जावेगी । केवल विशेष प्रकरण में योग्य आवेदक न मिलने पर ही संचालक, महिला एवं बाल विकास विभाग की अनुमति के उपरांत ही अनिवार्य न्यूनतम अनुभव में शिथिलता दी जा सकेगी ।

<u>आवेदनों के मूल्यांकन हेतु अंकीय प्रणाली में निम्नानुसार अंक रखे जायेंगें :-</u>

- वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंकों का **Weightage** देते हुए अधिकतम 60 अंक ।
- न्यूनतम अनुभव के पश्चात प्रत्येक अतिरिक्त वर्ष के लिए अनुभव के लिए 02 अंक दिये जायेंगे, अधिकतम 18 अंक ।
- छत्तीसगढ़ के मूल निवासी आवेदकों को 02 बोनस अंक दिए जायेंगें ।
- उपरोक्त तीनों बिंदुओं के आधार पर कुल 80 अंक के आधार पर मैरिट सूची तैयार की जाएगी।
- वॉक इन इंटरव्यू/कौशल परीक्षा हेतु 20 अंक निर्धारित रहेंगें ।
- अभ्यर्थियों के चयन मेरिट सूची में समान अंक होने की दशा में उम्र में वरिष्ठता के आधार पर चयन में वरीयता दी जावेगी ।

<u>अवकाश की पात्रता :-</u>

इन कर्मियों को अवकाश सुविधा राज्य में प्रचलित छ.ग.सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 तथा संशोधित में संविदा कर्मियों को देय सुविधा के अनुसार दिया जावेगा। विशेष परिस्थितियों पर आवश्यकता होने पर कहीं यात्रा में भेजे जाने पर अथवा प्रशिक्षण पर भेजे जाने की दशा में यथोचित स्वीकृति के उपरांत समकक्ष पद के अनुरूप यात्रा भत्ता देय होगा।

क्रमशः..........

Scanned with OKEN Scanner

## चयन हेतु आईताएँ, मापदण्ड एवं अन्य शर्ते :–

भारत शासन द्वारा मिशन शक्ति के अंतर्गत दिए गए मार्गदर्शी निर्देश में चयन हेतु उल्लेखित न्यूनतम आईता में राज्य की आवश्यकताओं के आलोक में राज्य एवं जिले के लिए वित्तीय मापदण्डों को भी ध्यान में रखते हुए अनिवार्य न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता, अनिवार्य कौशल, अनिवार्य अनुभव एवं वांछित अतिरिक्त योग्यता एवं अन्य शर्तों का निम्नानुसार निर्धारण किया गया है :–

**जिला स्तरीय (DHEW) हेतु शैक्षणिक योग्यता, अनिवार्य कौशल, अनिवाय अनुभव :–**

| क्र. | पदनाम | अनिवार्य न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | अनिवार्य कौशल | अनिवार्य न्यूनतम अनुभव | वांछित योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | आई.टी असिस्टेंट | कम्प्यूटर/आई.टी. क्षेत्र में स्नातक उपाधि | कम्प्यूटर का अच्छा ज्ञान, जिसमें एम.एस.आफिस एवं कम्प्यूटर टाईपिंग अनिवार्य में कार्य करने की क्षमता | डाटा प्रबंधन/ प्रोसेस डॉक्यूमेंटेशन, वेब आधारित एवं वेबबेस्ड रिपोटिंग फार्मेट में कार्य करने का शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्थाओं में कम से कम 03 वर्षो का अनुभव | अग्रेंजी/हिन्दी भाषा में कम्प्यूटर में कार्य करने का अनुभव। |

## नियुक्ति की अवधि :–

- उक्त पद पर प्रथम बार में संविदा/एकमुश्त वेतन पर अधिकतम 02 वर्ष की अवधि हेतु योग्य अभ्यर्थियों का चयन/नियुक्त किया जाएगा तथा तद्पश्चात् कार्य योग्यता, कार्य क्षमता एवं व्यवहार तथा विभाग की आवश्यकता के आधार पर तथा नियंत्रणकर्ता अधिकारी की अनुशंसा के आधार पर उपयुक्तता का आंकलन कर संविदा/सेवा अवधि प्रत्येक बार 01 वर्ष के लिए जिला कलेक्टर द्वारा बढ़ाने का निर्णय लिया जा सकेगा अन्यथा नियुक्ति की अवधि समाप्ति पर नियुक्ति स्वमेव समाप्त मानी जाएगी।
- चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी एवं बिना कारण बतायें भी समाप्त की जा सकती है। संविदा सेवा अवधि के दौरान दोनों पक्षें में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह पूर्व सूचना या इसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकती है।
- इस पदों की अवधि भारत शासन द्वारा योजना संचालन की अवधि तक ही सीमित होगी एवं तदोपरांत पद समाप्त कर दिये जायेंगे । पद समाप्ति के उपरांत इन पदों पर कार्यरत कर्मियों की विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी ।
- आवेदन पत्र दिनांक ––––––––– तक कार्यालयीन कार्यावधि 5:30 बजे तक संयुक्त जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग में निर्धारित तिथि तक प्राप्त हो जाना चाहिए । निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । आवेदन केवल रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रेषित आवेदन ही स्वीकार किये जायेगे ।

16/4/26

**जिला कार्यक्रम अधिकारी**
**महिला एवं बाल विकास विभाग**
**जगदलपुर, जिला बस्तर (छ.ग.)**

Scanned with OKEN Scanner

# आवेदन पत्र का प्रारूप

स्वयं द्वारा अभि प्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटो पर हस्ताक्षर जिला आधा भाग फोटो एवं आधा आवेदन पत्र में होना चाहिए चस्पा करें

प्रति,

जिला कार्यक्रम अधिकारी,
महिला एवं बाल विकास विभाग
जगदलपुर, जिला बस्तर (छ.ग.)

1. आवेदित पद का नाम :– ....................................................

2. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :– ....................................................
(अंग्रेजी में) ....................................................

3. पिता/पति का नाम :– ....................................................

4. स्थायी पता :– ....................................................
....................................................
....................................................

5. पत्र व्यवहार का पता :– ....................................................
....................................................
दूरभाष/मो.नम्बर....................................................

6. जन्म तिथि (अंकों में) :– ....................................................
(शब्दों में) ....................................................

7. दिनांक 01.01.2023 को आयु :– वर्ष........................माह..............................दिनांक................

8. लिंग (पुरूष/महिला) :– ....................................................

9. जाति/ वर्ग (अजा/अजजा/पि.वर्ग/सा.) :– ....................................................

10. क्या आवेदक शासकीय/अर्द्ध शासकीय संस्था में सेवारत है ? :– ....................................................

11. विवाहित/अविवाहित/विधुर/परित्यकता :– ....................................................

12. यदि आप विवाहित हैं तो विवाह की तिथि व जीवित बच्चों की संख्या :– ....................................................

13. शैक्षणिक योग्यता (जन्मतिथि एवं समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति संलग्न करें) :–

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा | उत्तीर्ण वर्ष | बोर्ड/संस्था का नाम | प्राप्तांक/पूर्णांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | |
| 2 | | | | | | |
| 3 | | | | | | |
| 4 | | | | | | |
| 5 | | | | | | |

Scanned with OKEN Scanner

14 अन्य योग्यता :– ..............................................................................................

15. अनुभव (प्रमाण पत्र संलग्न करें) :–

| क्र. | संस्था का नाम | पदनाम | अनुभव का विवरण कब से कब तक | वेतन एवं पद छोड़ने का कारण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |
| 3 | | | | |
| 4 | | | | |
| इसके अतिरिक्त अन्य कोई विवरण देना चाहे तो पृथक से पत्रक में संलग्न कर सकते हैं । | | | | |

16. अनिवार्य संलग्नकों की सूची :–
    1. जन्मतिथि हेतु 10वीं की अंकसूची/प्रमाण पत्र
    2. 12वीं की अंकसूची ।
    3. व्यवसायिक पाठ्यक्रम का प्रमाण पत्र ।
    4. मूल निवास प्रमाण पत्र ।
    5. विज्ञापन अनुसार निर्धारित अवधि का अनुभव प्रमाण पत्र ।
    6. पहचान पत्र/आधार कार्ड/वोटर आई.डी. इत्यादि (कोई एक)।
    7. एक लिफाफा जिसमें स्वयं का पता लिखा हो, व रू. 10/– का डाक टिकट सहित ।

17. अन्य संलग्नकों का विवरण :–
    1. ..............................................................................................
    2. ..............................................................................................
    3. ..............................................................................................
    4. ..............................................................................................
    5. ..............................................................................................

आवेदक का हस्ताक्षर

नाम ..............................................................

..............................................................

## –// घोषणा पत्र //–

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि इस प्रपत्र में दिए गए समस्त विवरण तथा संलग्न अभिलेख सत्य हैं और यदि ये असत्य पाए जाते हैं, तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति निरस्त किये जाने योग्य होगी और मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगा/सकेगी।

स्थान :– ..............................................

दिनांक :– ..............................................

आवेदक का हस्ताक्षर

नाम ..............................................................

Scanned with OKEN Scanner